कार्यालय अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) म0प्र0 भोपाल

क्रमांक/निस्तार/5096 भोपाल, दिनांक 31-7-98

प्रति,

वन संरक्षक

रायपुर (म0प्र0)

विषय:- डिपोज में निस्तार वन उपज के शेष बचे वन उपज के निर्वर्तन के संबंध में ।

-----0----

30 जून को डिपोंज में शेष बचे निस्तारी वन उपज के निर्वर्तन के संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 591 दिनांक 25-1-94 (छाया प्रति संलग्न) का अवलोकन करें, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि 30 जून के पश्चात जो निस्तार वनोपज शेष बचती है उसे अन्यत्र डिपो में न ले जाते हुये उसी निस्तार/उपभोक्ता डिपों में स्थानीय नीलाम द्वारा निर्वर्तन किया जाय । कृपया तदनुसार कार्यवाही करें ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

हस्ता.

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)

म0प्र0 भोपाल

पृष्ठा.क्रमांक./नि/16/5097 भोपाल, दिनांक 31-7-1998

प्रतिलिपि:-

समस्त वन संरक्षक म0प्र0 (रायपुर को छोड़कर) की ओर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 591 दिनांक 25-1-94 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित । निस्तार सीजन समाप्ति के पश्चात शेष वनोपज के निर्वर्तन के उपरान्त प्रतिवेदन तत्काल भेजने की व्यवस्था करें ।

हस्ता.

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)

म0प्र0 भोपाल